हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 29 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 बतौली-बगीचा मार्ग की अधूरी पाइप पुलिया निर्माण ने बढ़ाई क्षेत्रवासियों ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग शुरू

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में संचालित 5 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग 28 जुलाई से शुरू हो रही है। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए यह प्रक्रिया 1 अगस्त 2026 तक चलेगी। काउंसलिंग का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची, काउंसलिंग केंद्र और अन्य विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग में विद्यालय आवंटित नहीं हो सका था, वे पूर्व सूची में दर्शाए गए विद्यालय में उपस्थित होकर अनुलग्नक-3 प्राप्त कर सकते हैं। इसके पश्चात वे 28 जुलाई से 1 अगस्त तक होने वाली इस काउंसलिंग में सीधे भाग ले सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों के लिए अलग से सूची जारी नहीं की जाएगी।विस्तृत और अद्यतन जानकारी के लिए अभ्यर्थियों व अभिभावकों को नियमित रूप से विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करते रहने की सलाह दी गई है।

### आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आए किसान की गई जान

**सूरजपुर।** खेत में काम करने के दौरान किसान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नमदगीरी निवासी 35 वर्षीय विनय देवांगन मंगलवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदलने तथा तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इस बीज तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे किसान पर गिरा जिससे किसान गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान और खेतों में काम करने से बचने तथा आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की बात कही है।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत

**सेदम।** तेज आंधी बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की लाश बस्ती से दूर बने घर बोयरगोड़ा में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदा बैगापारा निवासी चंद्रमुनि पति सुखराम कोरवा (56 वर्ष) सोमवार की दोपहर 1 बजे नए घर बोयरगोड़ा फसल देखने गई थी। इसी दौरान तेज आंधी बारिश गरज चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई औ महिला की लाश घर के सामने औंधे मुंह पड़ा हुआ था। इधर महिला को परिजन पूरे गांव में उसे ढूंढते रहे जब महिला का पता नहीं चला तब परिजन देर शाम को बोयरगोड़ा में बने नए घर गए तो महिला की लाश देखा। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एग्रीस्टैक पंजीयन में कोताही बरतने पर आरईओ को निलंबित

# उर्वरक व्यवस्था में अनियमितता पर कलेक्टर ने दिए समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश



निरीक्षण करतीं कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में एग्रीस्टैक पंजीयन और खाद वितरण में लापरवाही पर कलेक्टर अब सख्त हो गई है।

**खास बात**
- तहसीलदार को नोटिस जारी

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड वाड्रफनगर के ग्राम बड़कागांव स्थित सहकारी समिति का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन एवं उर्वरक भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई गंभीर लापरवाही एवं अनियमितताओं पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों एवं पीएम किसान सम्मान निधि योजना लाभार्थी किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए तहसीलदार से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन नहीं होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा लापरवाही के लिए संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़ी शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर ने सहकारी समिति बड़कागांव के उर्वरक गोदाम का निरीक्षण कर उपलब्ध खाद का स्टॉक पंजी से मिलान कराया। जांच के दौरान डीएपी खाद की वास्तविक उपलब्ध मात्रा और स्टॉक पंजी में दर्ज मात्रा में अंतर पाया गया, जिससे समिति के संचालन में गंभीर अनियमितता सामने आई। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश दिए तथा पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उनसे जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कोताही अथवा नियमों की अवहेलना स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया उपस्थित रहे।

### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

शासन की प्राथमिकता वाले एग्रीस्टैक पंजीयन एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों का शत-प्रतिशत एग्रीस्टैक पंजीयन सुनिश्चित करने में घोर लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने चलगली क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कौशल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार कौशल सिंह द्वारा शासन के महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति प्रथम दृष्टया गंभीर लापरवाही बरती गई, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम -3 (1)(2)(3)प्रावधानों के विपरीत पाया गया। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) क के तहत कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री कौशल सिंह का मुख्यालय उप संचालक कृषि कार्यालय, बलरामपुर-रामानुजगंज निर्धारित किया गया है।

## जयनगर समिति में खाद घोटाले का खुलासा समिति प्रबंधक को किया गया सस्पेंड

- उर्वरक स्टॉक के भौतिक सत्यापन में करीब 40 लाख मूल्य का खाद मौके पर कम पाया गया

**बिश्रामपुर।** खरीफ सीजन में किसानों को खाद वितरण में अनियमितता और लाखों रुपये के उर्वरक घोटाले के मामले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जयनगर पर बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रभारी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सूरजपुर ने समिति प्रबंधक जयनगर श्यामलाल प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं समिति के अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी देवधन राम बिंझिया से भी बोर्ड की शक्तियां वापस ले ली गई हैं।

जानकारी के अनुसार किसानों को खाद नहीं मिलने और कालाबाजारी की लगातार शिकायतों के बाद सूरजपुर कलेक्टर रेना जमील के निर्देश पर उप पंजीयक अनिल कुमार बनज ने समिति की औचक जांच कराई। जांच के दौरान समिति में उर्वरक स्टॉक के भौतिक सत्यापन में करीब 35 से 40 लाख मूल्य का खाद कम पाया गया। जांच के दौरान समिति प्रबंधक को द्वारा कई बार फोन करने के बावजूद जवाब नहीं देने पर उसे तत्काल निलंबित कर दिया गया।उप पंजीयक ने सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 49(8) के तहत जारी आदेश में देवधन राम बिझिया के स्थान पर जॉन केरकेट्टा, अंकेक्षण अधिकारी को समिति के बोर्ड की शक्तियों के प्रयोग के लिए अधिकृत किया है,यह



आदेश 25 जुलाई से प्रभावी किया गया है।विस्तृत जांच में गड़बड़ी करने वालों की भूमिका के भी जांच के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। सूत्रों के अनुसार कलेक्टर ने मामले की विस्तृत जांच और आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के लिए एसडीएम सूरजपुर को निर्देश दिए हैं,अधिकारियों का मानना है कि गहन जांच में घोटाले की राशि और बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि समिति प्रबंधक श्यामलाल प्रजापति इससे पहले भी 85 लाख के धान खरीदी घोटाला मामले में निलंबित हो चुके हैं, हालांकि बाद में उनकी बहाली कर दी गई थी। समितियों में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतों के बाद भी संबंधित प्रबंधकों के खिलाफ कार्यवाही में कोताही बरती जाती है।बताया जाता है कि गत रबी सीजन में भी बड़ी मात्रा में उर्वरक को बिना समिति पहुंचे ही कागजों में खपा दिया गया है।



## एसीबी अधिकारी बनकर की आबकारी अधिकारी से शराब एवं नगदी की मांग, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फर्जी एसीबी के अधिकारी बनकर आबकारी अधिकारी से शराब एवं नगदी रकम की मांग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक थाना गांधीनगर में जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत गायकवाड़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 27 जुलाई को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया और स्वयं को एंटी करप्शन ब्यूरो का अधिकारी बताया। साथ ही कहा कि बाहर से अधिकारी निरीक्षण हेतु आ रहे हैं, जिनके लिए रेस्ट हाउस में भोजन की व्यवस्था की जा रही है तथा तत्काल 6 बोतल शराब एवं नगद राशि उपलब्ध कराई जाए। इधर बातचीत संदिग्ध प्रतीत होने पर आबकारी अधिकारी ने कोई शराब अथवा धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई और थाना गांधीनगर में तत्काल मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले में त्वरित जांच प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही सौरभ प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में ग्राम ठाकुरपुर में रहने वाले ग्राम अरगोती कुन्नी निवासी सौरभ प्रजापति आ.तारकेश्वर प्रजापति (24 वर्ष) ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि अपने साथी राजेशपुरी गोस्वामी के साथ सुभाष नगर शराब दुकान पहुंचा था जहां पर उनका साथी रंजित गुप्ता भी मिल गया जिसके बाद तीनों मिलकर योजना बनाये की आज शराब का पैसा नहीं देगे, जिसके बाद सौरभ प्रजापति द्वारा मोबाइल से आबकारी अधिकारी को फोन कर स्वयं को एसीबी का अधिकारी होने का धौंस दिखाया और छल पूर्वक 6 बोतल शराब नगदी रकम की मांग की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना कर साक्ष्य संकलन करने में जुट गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, आरक्षक विकास सिंह, अमृत सिंह, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।

## शासकीय शराब दुकान में 17 लाख रूपए से अधिक का गबन उजागर

- कुसमी और वाड्रफनगर में सुपर वाईजरों ने दिया अंजाम, ऑडिट में हुआ खुलासा

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के शासकीय शराब दुकानों से 17 लाख रूपए से अधिक के गबन का मामला सामने आया है। कुसमी और वाड्रफनगर शासकीय विदेशी शराब दुकानों में काम करने वाले सुपरवाईजरों ने दुकान में स्टाक रजिस्टर में छेड़छाड़ कर शराब की घटती दिखाई गई और फिर शासन को लाखों रूपए का नुकसान कर फरार हो गए। अब मामला प्रकाश में आने के बाद जिला आबकारी कधिकारी के निर्देश पर दोनों सुपरवाईजर के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कुसमी और वाड्रफनगर शासकीय शराब दुकान में मई और जून महीने की ऑडिट कराई गई थी। इस ऑडिट के दौरान कुसमी शासकीय शराब दुकान में 9 लाख 64 हजार व वाड्रफनगर शराब दुकान से 7 लाख 59 हजार के गबन का खुलासा हुआ। जब अधिकारियों ने स्टाक रजिस्टर का मिलान किया तो पाया गया कि स्टाक में घटती दिखाकर दुकानों में कार्यरत सुपरवाईजरों ने इस गबन को अंजाम दिया। गबन की जानकारी सामने आने के बाद दोनों सुपरवाईजर भाग निकले। इन दोनों सुपरवाईजर की नियुक्ति प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से की गई थी। 17 लाख 23 हजार रूपए के गबन का मामला सामने आने के बाद जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर दोनों सुपरवाईजर के खिलाफ कुसमी और वाड्रफनगर थाने में अपराध दर्ज किया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। इधर गबन के मामले में फरार चल रहे सुपर वाईजरों की नियुक्ति मुम्बई की टीम एचआर नामक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से की गई थी। इस लिए अब विभाग द्वारा गबन के राशि की भरपाई भी प्लेसमेंट एजेंसी से किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं अब इस तरह के मामलों से बचने के लिए विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अवसर दिये जाने और पुलिस वेरीफिकेशन के बाद कर्मचारी रखने की रणनीति बनाई है।

### कराई गई है एफआईआर

कुसमी और वाड्रफनगर शराब दुकान में मई और जून महीने के ऑडिट में गड़बड़ी सामने आई थी। वहां कार्यरत सुपरवाईजर द्वारा स्टाक रजिस्टर में हेरफेर व घटती दिखाकर इस गबन को अंजाम दिया गया। मामले में अपराध दर्ज कराया गया है और प्लेसमेंट एजेंसी से रकम की भरपाई कराई जाएगी।

-शशांक शर्मा
जिला आबकारी अधिकारी बलरामपुर

## सरगुजा जिले के दर्जनों गावों में आज भी मोबाइल नेटवर्क नहीं

# वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों के बीच वेतन कटौती का आदेश अन्यायपूर्ण : कमलेश

- बारिश के दिनों में कई स्कूल समय पर पहुंचना भी होता है मुश्किल

**अंबिकापुर।** शिक्षकों की उपस्थिति के लिए लागू किए गए वीएसके एप और एप के आधार पर उपस्थिति अनुपस्थिति दर्ज कर वेतन में कटौती का विरोध शुरू हो गया है। शिक्षक संघों ने इसे अव्यवहारिक और अन्यायपूर्ण बताया है। शिक्षकों का कहना है कि दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या, गांव पहुंचविहीन है, विद्युत आपूर्ति की समस्या है ऐसे में संसाधनों के आभाव में अपनी ड्यूटी कर रहे शिक्षकों पर ऑनलाइन उपस्थिति की अनिवार्यता गलत है।



छग टीचर्स एसोसिएशन जिला सरगुजा के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह ने डीपीआई द्वारा वीएसके ऐप में दर्ज ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण एवं कम उपस्थिति पर वेतन कटौती संबंधी जारी निर्देशों का कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि जब तक वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों का पूर्णतः निराकरण नहीं हो जाता तब तक केवल ऐप के आधार पर किसी भी शिक्षक का वेतन काटना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिले सहित प्रदेश के अनेक विद्यालयों में आज भी नेटवर्क, लोकेशन, सर्वर तथा जीपीएस संबंधी समस्याओं के कारण समय पर विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों की भी उपस्थिति वीएसके ऐप में दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसे में विद्यालयों में संधारित शिक्षक उपस्थिति पंजी की अनदेखी कर केवल ऐप के आधार पर कार्रवाई करना उचित नहीं कहा जा सकता। कमलेश सिंह ने प्रश्न उठाया कि यदि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक प्रतिदिन समय पर उपस्थित होकर उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो बिना उसके भौतिक सत्यापन के केवल तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण ऐप को आधार बनाकर वेतन कटौती का आदेश किस प्रकार न्यायसंगत माना जा सकता है? क्या अब विद्यालयों में संधारित ऑफलाइन उपस्थिति पंजी का कोई महत्व नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में सरगुजा के ग्रामीण, पहाड़ी क्षेत्रो में कई दिनों तक बिजली गुल रहती है जिससे मोबाइल चार्ज करना सम्भव नहीं ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति में दिक्क़त है। इसके साथ ही शिक्षकों को पहुंच विहीन गांव में नदी नाले पार कर जाना पड़ता है। ऐसे में यह नियम अव्यवहारिक है। शाशन से आग्रह है कि कोई ऐसा सिस्टम विकसित करे जो व्यवहारपरक हो, जो सरगुजा के दूरस्थ, पहुंच विहीन व पहाड़ी क्षेत्रो के अनुकूल हो। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने भी स्पष्ट कहा है कि शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं लेकिन तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण वीएसके ऐप के आधार पर शिक्षकों को आर्थिक दंड देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने शासन से मांग की है कि पहले ऐप की सभी तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जाए तथा पूरे प्रदेश में एक समान और विश्वसनीय बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की जाए। जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह, जिला पदाधिकारी काजेश घोष, रामबिहारी गुप्ता, लव गुप्ता, सुरित राजवाड़े, संजय चौबे, अरविन्द सिंह, अमित सिंह, अनिल तिग्गा, प्रशांत चतुर्वेदी, रमेश यागिक सहित संगठन क़े समस्त पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि सरगुजा जिले के अनेक विद्यालय दूरस्थ एवं नेटवर्कविहीन क्षेत्रों में स्थित हैं जहां वीएसके ऐप प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में शिक्षकों का वेतन रोकना या काटना उनके साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरी निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और तकनीकी खामियों का दुष्परिणाम उन पर नहीं थोपा जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, जिला सरगुजा शासन से मांग करता है कि वीएसके ऐप की तकनीकी त्रुटियों का शीघ्र निराकरण किया जाए, शिक्षक उपस्थिति पंजी का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा पूरे प्रदेश में बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था लागू की जाए। तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज न होने की स्थिति में किसी भी शिक्षक का वेतन काटने या रोकने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। जिला संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि तकनीकी खामियों को दूर किए बिना शिक्षकों के विरुद्ध वेतन कटौती जैसी कार्रवाई जारी रहती है, तो छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, जिला सरगुजा शिक्षकों के हित में लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक स्तर पर प्रभावी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### एफसीआई गोदाम बना नशेड़ियों का अड्डा

**मनेंद्रगढ़।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 स्थित एफसीआई गोदाम परिसर इन दिनों नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बनने लगा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि दिन और रात के समय यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर नशा करते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है और आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है। रहवासियों के अनुसार गोदाम परिसर में सुनसान होने का लाभ उठाकर असामाजिक तत्व घंटों तक डेरा जमाए रहते हैं। कई बार नशे की हालत में आपस में विवाद और शोर-शराबा भी होता है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम ढलते ही लोगों का इस क्षेत्र से गुजरना भी असुरक्षित महसूस होने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और पुलिस को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की गई है।

## रेलवे प्लेटफॉर्म-2 के आबंटन से व्यवस्था में होगी कठिनाइयां, मरीजों को जोखिम उठाकर ट्रैक पार कर दूसरे छोर में जाना होगा

# 15 अगस्त से लगेगा लाइफ लाइन एक्सप्रेस का स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित अत्याधुनिक अस्पताल ट्रेन लाइफ लाइन एक्सप्रेस एक बार फिर बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। 6 कोच वाली यह हॉस्पिटल ट्रेन 14 अगस्त को स्टेशन पहुंचेगी, जबकि 15 अगस्त से 14 सितंबर तक एक माह का विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सरगुजा संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

हालांकि इस बार रेलवे प्रशासन द्वारा लाइफ लाइन एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ा करने की अनुमति दिए जाने से मरीजों, उनके परिजनों और आयोजन समिति की चिंताएं बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में पुराने गुड्स प्लेटफॉर्म के पक्कीकरण कार्य के दौरान स्टेशन के दूसरी तरफ अस्थायी प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है, जहां बारिश के कारण कीचड़ और दलदल की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में मरीजों को स्टेशन से शिविर स्थल तक पहुंचने के लिए




रेल लाइन पार कर दूसरी तरफ जाना पड़ेगा, जो ट्रेनों की आवाजाही के बीच जोखिम भरा साबित हो सकता है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म-2 के आसपास मरीजों और उनके परिजनों के ठहरने, कैंप लगाने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी कठिनाइयों की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और रेलवे से मांग की है कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी लाइफ लाइन एक्सप्रेस को एक नंबर गुड्स प्लेटफॉर्म पर ही खड़ा कराया जाए, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी और जोखिम का सामना न करना पड़े। रेलवे मंडल कार्यालय (डीआरएम) की तरफ से जारी आदेश के अनुसार प्लेटफॉर्म-2 पर ट्रेन के एक माह तक ठहराव की अनुमति दी गई है। शिविर के सफल ⏭ शेष पेज 4 पर

### शिविर में मिलेंगी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं

एक माह तक चलने वाले इस शिविर में आंखों की सर्जरी, कान-नाक-गला (ईएनटी) संबंधी ऑपरेशन, बच्चों की जन्मजात विकृतियों की सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, दंत चिकित्सा, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच तथा जागरूकता जैसी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि लाइफ लाइन एक्सप्रेस एक चलती-फिरती अत्याधुनिक अस्पताल ट्रेन है, जिसमें आधुनिक ऑपरेशन थिएटर और आवश्यक चिकित्सीय उपकरण मौजूद हैं। बिश्रामपुर में इससे पहले भी करीब आधा दर्जन बार इस ट्रेन के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ हजारों मरीजों ने उठाया है। इस बार भी ट्रेन के आगमन से सरगुजा संभाग के जरूरतमंद मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

## कलेक्टर के आदेश पर जब्त खाद को कृषि विभाग ने किया राजसात

**सीतापुर।** कालाबाजारी के लिए ले जा रहे खाद को जब्त खाद को कलेक्टर के आदेश पर कृषि विभाग ने राजसात कर लिया है। इस खाद का उपयोग कृषि विभाग अब किसानों एवं कृषि अनुसंधान के हित में करेगी। विदित हो कि विगत विगत 13 मई को कालाबाजारी के लिए ले जा रहे नीम कोटेड यूरिया को मुखबिर की सूचना पर कृषि विभाग ने पिकअप वाहन समेत जब्त किया था। जब्त करने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से कृषि विभाग ने पिकअप वाहन समेत खाद को थाने के सुपुर्द कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद डीडीए कृषि पीताम्बर सिंह दिवान के दिशानिर्देश में नीम कोटेड यूरिया को राजसात करने की कार्रवाई हेतू विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर मामला कलेक्टर कार्यालय में सौंपा गया था। मामले की विधिक सुनवाई के बाद कलेक्टर सरगुजा ने विगत 27 जुलाई को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955



की धारा 6(ए) 2 के तहत निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए जब्त यूरिया को राजसात करने का आदेश दिया था।जिसके बाद राजसात की प्रक्रिया पूरी करने के बाद कृषि विभाग ने जब्त यूरिया का सदुपयोग किसानों एवं कृषि अनुसंधान के हित में सुनिश्चित करने के लिए परिक्षेत्र कृषि अनुसंधान संस्थान को सौप दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान एसडीओ कृषि अनिता एक्का, एसएडीओ सीतापुर लिली मॉरिस बखला, मैनपाट जीआर पैंकरा, उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक, एडीओ रामप्यारी समेत कृषि विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी तय समय में करें कार्रवाई

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय समय-सीमा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी, सुशासन तिहार-2026, विकास कार्यों तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आम नागरिकों से जुड़े प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### इंदिरा आवास को लेकर कलेक्टर शिकायत

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय इंदिरा आवास एवं उससे लगी सरकारी भूमि की कथित खरीद-फरोख्त का मामला सामने आने से प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। ग्राम कुंवरा निवासी गणेश तिवारी ने कलेक्टर, एमसीबी को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जनकपुर के आवास पारा में वर्ष 1980 के दशक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के गरीब एवं बेघर परिवारों के लिए शासन द्वारा इंदिरा आवास निर्मित कर आवंटित किए गए थे। आरोप है कि समय के साथ इनके आवासों तथा उनसे लगी सरकारी भूमि पर पहले अवैध कब्जा किया गया और बाद में स्टाम्प पेपर पर कथित तौर पर खरीद-बिक्री के दस्तावेज तैयार कर लेन-देन किया गया। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन के साथ कथित विक्रय-इकरारनामा की प्रतिलिपि भी साक्ष्य के रूप में संलग्न की है। यह शिकायत सुशासन तिहार-2026 के दौरान आवेदन क्रमांक-53 के रूप में दर्ज की गई है। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

### चिकित्सा महाविद्यालय हेतु लोगो डिजाइन स्पर्धा

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने अपनी संस्थागत पहचान को नई दिशा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ऐसा विशिष्ट और आकर्षक लोगो तैयार कराया जाएगा, जो चिकित्सा शिक्षा, उपचार, सेवा, करुणा, अनुसंधान तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पहचान को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करे। प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थी, चिकित्सक, नर्स, शिक्षक, पेशेवर डिजाइनर एवं अन्य इच्छुक नागरिक भाग ले सकेंगे।

**विश्व बाघ दिवस आज** — सबसे पहले मध्यप्रदेश से पहुंचे थे बाघ, फिर बना टाइगर रिजर्व, पर्यटन और रोजगार का बनेगा नया केंद्र

# गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में बढ़ रहा बाघों का कुनबा

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला अभयारण्य को मिलाकर अधिसूचित गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अब देश के 56वें टाइगर रिजर्व के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा तथा देश के प्रमुख बड़े टाइगर रिजर्वों में शामिल है।

वन विभाग का मानना है कि यह रिजर्व आने वाले वर्षों में न केवल बाघ संरक्षण का मजबूत केंद्र बनेगा, बल्कि कोरिया और एमसीबी जिले को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी स्थापित करेगा। वन विभाग के अनुसार वर्तमान में टाइगर




रिजर्व क्षेत्र में नियमित चार से पांच बाघों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। इन बाघों के संरक्षण और सुरक्षित आवागमन के लिए प्राकृतिक कॉरिडोर उपलब्ध है। अधिकारियों द्वारा आधुनिक तकनीक, नियमित मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से बाघों के रहवास को सुरक्षित रखने के साथ उनकी संख्या बढ़ाने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पहले गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में बाघों के पदचिह्न और गतिविधियां सामने आने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मध्यप्रदेश के संजय नेशनल पार्क से बाघ प्राकृतिक कॉरिडोर के माध्यम से यहां पहुंचे हैं। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार ने गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभयारण्य को मिलाकर देश का 56वां टाइगर रिजर्व अधिसूचित किया। इसके साथ ही इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली।

### बाघों का कुनबा बढ़ाने की तैयारी

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए उनके प्राकृतिक आवास को और बेहतर बनाया जा रहा है। कोर एरिया में सुरक्षा बढ़ाई गई है तथा शिकार प्रजातियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चीतल जैसे वन्यजीवों को छोड़ा गया है। कैमरा ट्रैप, गश्त और आधुनिक निगरानी प्रणाली के जरिए बाघों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### सबसे लंबे प्राकृतिक कॉरिडोर में है शामिल

गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसका लंबा प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर है। यह कॉरिडोर मध्यप्रदेश के संजय नेशनल पार्क से शुरू होकर एमसीबी, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर होते हुए झारखंड के पलामू स्थित बेतला टाइगर रिजर्व तक फैला हुआ है। यह मार्ग बाघों के सुरक्षित आवागमन और उनके प्राकृतिक विस्तार के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

- गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की प्रमुख विशेषताएं
- देश का 56वां टाइगर रिजर्व।
- क्षेत्रफल के आधार पर छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व।
- वर्तमान में 4-5 बाघों की मौजूदगी के प्रमाण।
- संजय नेशनल पार्क से बेतला टाइगर रिजर्व तक प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर।
- जंगल सफारी, होम-स्टे और ईको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय रोजगार की व्यापक संभावनाएं।

### पर्यटन और स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्र में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। वन विभाग भविष्य में जंगल सफारी, होम-स्टे, नेचर ट्रेल और स्थानीय गाइड जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, ग्रामीणों की आय बढ़ेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। यदि पर्यटन का योजनाबद्ध विस्तार होता है तो यह टाइगर रिजर्व बाघ संरक्षण के साथ-साथ कोरिया और एमसीबी जिले के विकास का नया आधार बन सकता है।

चार केंद्र बदहाल, 2 किराए के भवन में संचालित, बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

# जर्जर आंगनबाड़ियों में भविष्य गढ़ने को विवश हैं मासूम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से महज सात किलोमीटर दूर स्थित नगर पालिका शिवपुर-चरचा की आंगनबाड़ियों की बदहाल स्थिति शासन के दावों की पोल खोल रही है। जहां एक ओर इन केंद्रों में नौनिहालों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दिए जाने चाहिए, वहीं दूसरी ओर जर्जर भवन अब नशेड़ियों का अड्डा बनते जा रहे हैं। इससे बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में कुल 12 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से चार केंद्र पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं, जबकि दो केंद्र किराये के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। वर्षों से मरम्मत और नए भवन की मांग के बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सबसे खराब स्थिति वार्ड क्रमांक 9 के गुटरी दफाई आंगनबाड़ी केंद्र की है। यहां छत से लगातार पानी टपकता है, दीवारों का पलस्तर उखड़ चुका है और भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी तरह मुर्गी दफाई, टीना दफाई और टीपलर दफाई के आंगनबाड़ी केंद्र भी बदहाली का शिकार हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन जर्जर भवनों में शाम ढलते ही असामाजिक तत्व और नशेड़ी डेरा जमाने लगते हैं। भवनों की देखरेख नहीं होने से यह स्थान नशाखोरी का अड्डा बनते जा रहे हैं। सुबह जब बच्चे आंगनबाड़ी पहुंचते हैं तो परिसर में शराब की बोतलें, गुटखा-तंबाकू के पाउच और अन्य गंदगी पड़ी मिलती है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बढ़ रही है। आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने बताया कि भवनों की जर्जर स्थिति और नशेड़ियों के जमावड़े की शिकायत कई बार महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। बरसात में छत टपकने और दीवारों से पलस्तर गिरने के कारण बच्चों को सुरक्षित बैठाना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग से मांग की है कि जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का तत्काल निरीक्षण कर नए भवनों का निर्माण कराया जाए अथवा आवश्यक मरम्मत कराई जाए। साथ ही, नशेड़ियों के जमावड़े पर रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मासूम बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा स्थानीय लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी भवनों की बदहाली केवल बच्चों की शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासन की बाल विकास योजनाओं पर भी सवाल खड़े करती है।

### सुधार के नाम पर मिला केवल आश्वासन

वर्षों से केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं, जबकि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। छत से पानी टपकने के कारण बच्चों को एक कोने से दूसरे कोने में बैठाना पड़ता है। कई जगह फर्श पर पानी भर जाता है, जिससे फिसलकर चोट लगने का खतरा बना रहता है। वहीं जर्जर दीवारों और छत के किसी भी समय भरभराकर गिरने की आशंका से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अभिभावक हमेशा चिंतित रहते हैं।

### शासन-प्रशासन से हल की मांग

नगरवासियों ने कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि सभी जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए, नए भवनों के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किया जाए तथा तब तक बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक सुरक्षित भवनों में केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

# तीन गांवों में गिरी गाज दो की मौत, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र में सोमवार शाम अचानक बदले मौसम के बीच आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचा दी। शाम करीब पांच बजे शिवपुर, जिल्दा और कटकोना गांव में अलग-अलग स्थानों पर गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में जारी है।



मृतक।

- खड़गवां क्षेत्र में आकाशीय बिजली का कहर

सबसे बड़ा हादसा ग्राम पंचायत शिवपुर में हुआ, जहां खेत और खुले स्थान पर मौजूद लोगों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में कुंती पति मोरहर लाल (34 वर्ष) तथा मनीष पिता संत कुमार (15 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हरिचंद (65 वर्ष), जवानिया (65 वर्ष) और कुंती बाई (50 वर्ष), पति राघव प्रताप सहित अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इसी दौरान ग्राम जिल्दा में एक व्यक्ति तथा ग्राम पंचायत कटकोना में दो अन्य लोग भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर घायल हो गए। तीनों गांवों में कुल आठ लोग प्रभावित हुए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं प्रशासन ने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई है और पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों के अनुसार शाम के समय अचानक तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। लोग खेतों और खुले स्थानों पर मौजूद थे, तभी कुछ ही पलों में आकाशीय बिजली गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और शिवपुर, जिल्दा तथा कटकोना गांव में मातम पसरा हुआ है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश और गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, पेड़ों के नीचे, बिजली के खंभों तथा अन्य खुले स्थानों पर खड़े होने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें, ताकि आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सके।

# रहवासी इलाके में भालू के हमले से युवक घायल

**डोमनहिल।** चिरमिरी नगर के डोमनहिल स्थित नीलचक्र स्कूल के पास रविवार को एक भालू ने अचानक एक युवक पर हमला कर दिया। हमले में विक्की पासवान पिता भूनेश्वर पासवान उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल चिरमिरी भेजा गया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। टीम ने सायरन बजाकर एवं अन्य उपाय अपनाकर भालू को रिहायशी इलाके से जंगल की ओर खदेड़ दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल कुछ हद तक शांत हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों चिरमिरी के कई रिहायशी इलाकों में भालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ गई है। माना जा रहा है कि



आसपास लगे पके हुए कटहल और अन्य खाद्य सामग्री की तलाश में भालू आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं। रिहायशी क्षेत्र में भालू द्वारा हमला किए जाने की यह पहली या दूसरी बड़ी घटना मानी जा रही है, जिससे लोगों में भय का वातावरण है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि डोमनहिल सहित कई क्षेत्रों में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं होने या खराब रहने के कारण रात के समय जंगली जानवरों की मौजूदगी का समय पर पता नहीं चल पाता। लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभागों से खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त कराने तथा वन विभाग से रिहायशी क्षेत्रों में लगातार निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा छ.ग.**

राजस्व प्र.क्र. /अ-21/2025-26
ग्राम कुम्हरता

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कुम्हरता को सूचित किया जाता है आवेदक प्रदीप कुमार छिकारा आ.स्व.कृष्ण कुमार चौधरी निवासी पटपरिया अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुम्हरता स्थित भूमि खसरा नम्बर 1270/1, 1297, 1302 रकबा क्रमशः 0.479, 0.141, 0.012 हे. व्यपवर्तित भूमि को अनावेदिका ललिता गुप्ता पत्नी विजय कुमार गुप्ता निवासी गोधनपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन, न्यायालय कलेक्टर, जिला सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 114/वाचक/2026 अम्बिकापुर दिनांक 13/07/2026 के द्वारा इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिस पर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त कार्यवाही से किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 22/08/2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 21/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दरिमा**
**सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /ब-121-/25-26

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका अघन सिंह पिता गरजी सिंह निवासी ग्राम बरगई के द्वारा मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि.नियम 2001 के नियम 09(3) के अंतर्गत अपने माता इन्द्रकुंवर सिंह पिता स्व.शोभनाथ का मृत्यु दिनांक 10/06/2026 को ग्राम बरगई में होना बतलाते हुये उनके जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**ना. तहसीलदार**
**दरिमा**
**सरगुजा (छ.ग.)**

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान!
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY, MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology), Laparoscopic Surgeon

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण • टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग • नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श • बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

भास्कर आई केयर
BHASKAR EYE CARE — हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON; ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING • DEEMED COLLEGE • COUNSELLING • STATE PVT./ GOVT. COLLEGES • FORM FILLUP ASSISTANCE • LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI, MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology), Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### गुरु रविदास महाराज की जयंती के पर जिला स्तरीय कार्यशाला

**रामानुजगंज।** भाजपा जिला कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भी विस्तृत मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने समरसता, समानता और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाने की बात कही। मुख्य वक्ता सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने संत गुरु रविदास महाराज के जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संत गुरु रविदास महाराज के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भूमिका निभाए और अधिक से अधिक नागरिकों को इस राष्ट्रीय अभियान से जोड़े। इस दौरान गोपाल मिश्रा, मुन्नालाल चौधरी, बलवंत सिंह, शशिकला भगत, तारावती सिंह, भानूप्रकाश दीक्षित, दीनानाथ बसंती भगत, मुंद्रिका सिंह, रामकुमार कुशवाहा, यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव,अजय यादव, दिवाकर मुखर्जी, सीताराम गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, नारद यादव, शिवशंकर शुक्ला, संजय पुसाम, धीरेन्द्र द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



वाड्रफनगर। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो बाइक बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी सचीव कुशवाहा आ. भोला राम 24 जून की रात अपनी बाइक क्रमांक सीजी सीजी 30 सी 7930 को घर के बाहर रखकर सो गया था। सुबह उठकर देखा तो उसकी बाइक गायब थी। बसंतपुर फूली डूमर निवासी नौसाद आलम आ. मुमताज आलम की बैक क्रमांक सीजी 15 डीव्ही 8694 की 13 जुलाई को चोरी को गई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सनावल पीपर पान निवासी समीर इराकी चोरी की वाहन को बेचने का काम करता है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसुने बाइक चोरी करने और उसे सनावल मिनवाखाड निवासी 35 वर्षीय उपेन्दर कुमार पिता रामवृक्ष सिंह की के पास बीस हजार में बेच दिया था। पुलिस ने मामले में दोनों बाइक को बरामद करने के साथ ही सनावल पीपरपान निवासी समीर ईराकी आ. सफीक ईराकी, संतोष पण्डो आ. बालरोपन पण्डो को बीएनएस की धारा 305, 303(2), 117(2), 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है।

### स्कूल परिसर में धरने पर बैठे पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, पकड़ कर थाने ले गई पुलिस

**रायगढ़।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर में छात्राओं को वितरित की जा रही साइकिलों की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता व आदिवासी नेता रवि भगत ने साइकिलों को अमानक और गुणवत्ताहीन बताते हुए उनके वितरण का विरोध किया तथा स्कूल परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने मांग की कि जब तक साइकिलों की गुणवत्ता की जांच नहीं हो जाती, तब तक उनका वितरण रोका जाए। इस दौरान रवि भगत ने आरोप लगाया कि छात्राओं को दी जा रही साइकिलें निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उनका कहना था कि अधिकांश छात्राओं को साइकिल का मूल बिल, वारंटी कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उनका आरोप है कि यह मामला केवल खराब गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी योजना में संभावित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं से भी जुड़ा हो सकता है। धरने से पहले रवि भगत ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। उनके आह्वान के बाद कुछ ग्रामीण भी स्कूल पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। विरोध प्रदर्शन के कारण स्कूल परिसर में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी, लैलूंगा थाना प्रभारी तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने रवि भगत को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके धरने से नहीं उठने पर पुलिस उन्हें स्कूल परिसर से हटाकर लैलूंगा थाने ले गई, जहां उन्हें कुछ समय तक बैठाया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने की कोशिश की।

### स्कूल में पदस्थ हैं आठ शिक्षक, दो विभागीय कार्य में तो तीन हैं अवकाश पर

# तीन शिक्षकों के भरोसे खोड़ हायर सेकेंडरी स्कूल, अधिकांश कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

वनांचल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके इसके लेकर प्रदेश सरकार न सिर्फ गंभीर है बल्कि स्कूल में शिक्षक से लेकर अन्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बावजूद इसके विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को जिस तरह से शिक्षा का लाभ मिलना चाहिए उस तरह से नहीं मिल रहा है। कुछ इस तरह की स्थिति ओड़गी क्षेत्र के खोड स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की है जहां स्कूल में पर्याप्त 8 शिक्षक है लेकिन स्कूल का संचालन महज तीन शिक्षकों के भरोसे संचालित है। बच्चों की शिक्षण प्रभावित होने पर अभिभावकों में काफी नाराजगी है।

**खास बात**

- अभिभावकों ने जताई नाराजगी

विकासखंड ओड़गी के सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खोड़ की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। विद्यालय में पदस्थ कुल आठ शिक्षकों में से निरीक्षण के दौरान केवल तीन शिक्षक ही उपस्थित रहे। जबकि दो शिक्षक विभागीय बैठक में शामिल होने गए थे और तीन शिक्षक अवकाश पर थे। ऐसे में विद्यालय की अधिकांश कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित रही तथा कई विद्यार्थियों को नियमित विषयवार शिक्षण नहीं मिल रहा। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में यह स्थिति कोई नई नहीं है। शिक्षकों की लगातार अनुपस्थिति और विभागीय कार्यों में व्यस्त रहने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई लंबे समय से प्रभावित हो रही है। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के बाद अभिभावकों और विद्यार्थियों को उम्मीद थी कि नियमित पढ़ाई शुरू होगी, लेकिन शिक्षकों की कम उपस्थिति के कारण बच्चों पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में केवल तीन शिक्षकों के भरोसे सभी कक्षाओं का संचालन करना संभव नहीं । कई कक्षाओं में विद्यार्थियों को बिना विषयवार अध्यापन के ही समय बिताना पड़ा, जबकि कुछ कक्षाओं को एक साथ संचालित करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से अभिभावकों में काफी नाराजगी है।




#### गरीब और आदिवासी बच्चों की पढ़ाई पर सबसे अधिक असर

अभिभावकों ने बताया कि इस विद्यालय में अध्ययनरत अधिकांश बच्चे गरीब एवं आदिवासी परिवारों से हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे निजी विद्यालयों में बच्चों को नहीं पढ़ा सकते। ऐसे में सरकारी विद्यालय ही उनके बच्चों के भविष्य का एकमात्र सहारा हैं। यदि यहां भी नियमित पढ़ाई नहीं होगी तो बच्चों का शैक्षणिक स्तर लगातार गिरता जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे विद्यालय तो प्रतिदिन पहुंच रहे हैं, लेकिन विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से पढ़ाई अधूरी रह जाती है। इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावित हो रही है।

#### संकुल समन्वयक की जिम्मेदारी पर उठे सवाल

स्थानीय निवासी संजय जायसवाल ने आरोप लगाया कि विद्यालय के व्याख्याता रामकिशुन सिंह पिछले लगभग दस वर्षों से संकुल समन्वयक का दायित्व निभा रहे हैं। व्याख्याता का कहना है कि संकुल समन्वयक की जिम्मेदारी के कारण उन्हें विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण, बैठकों और विभागीय कार्यों में जाना पड़ता है, जिससे विद्यालय में उनका अध्यापन प्रभावित होता है। उन्होंने मांग की कि इस व्यवस्था की नियमों के अनुसार जांच कर समीक्षा की जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

#### शिकायतों के बाद भी नहीं बदली व्यवस्था

ग्रामीण उदय चंद, रुकमन सिंह, किशुन, विक्रम, अनिल सिंह, सुखराम पंडो, गुलाब, करम सिंह, राजकुमार वर्मा, शिवप्रसाद, नाथूराम सहित अन्य ग्रामीणों ने शिक्षा व्यवस्था में शीघ्र सुधार की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी और नियमित उपस्थिति को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके स्थिति में सुधार नहीं हुआ। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो सामूहिक रूप से जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के समक्ष आंदोलन करने को विवश होंगे।

#### बिना कारण अनुपस्थित पर होगी कार्रवाई

कोई भी शिक्षक बिना उचित कारण के विद्यालय से अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।दो शिक्षक विभागीय बैठक में थे तथा तीन शिक्षक अवकाश पर है। व्याख्याता को संकुल समन्वयक बनाए जाने का निर्णय जिला स्तर पर होता है और आवश्यक होने पर इसकी समीक्षा भी की जा सकती है।

-मोतीलाल राजवाड़े
विकासखंड शिक्षा अधिकारी



### लोक व्यवस्था जागरण अभियान अधिवेशन में नगर के 200 से अधिक लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मार्गदर्शक सामाजिक शोध संस्थान के तत्वावधान में भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम स्थित विवेक सृष्टि, रामघाट, रामसेवकपुरम में 25–26 जुलाई को लोक व्यवस्था जागरण अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय ज्ञान केंद्र प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में देश के लगभग 10 राज्यों से आए प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ज्ञान केंद्र संचालकों ने भाग लिया वहीं रामानुजगंज से भी 200 से अधिक लोग शामिल हुए।

अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य देशभर में ज्ञान केंद्रों का विस्तार, सामाजिक एवं संवैधानिक विषयों पर जनजागरण तथा तंत्र-मुक्त, संविधान-युक्त समाज एवं व्यवस्था की अवधारणा को समाज तक पहुंचाना रहा। दो दिनों तक आयोजित विभिन्न वैचारिक एवं संगठनात्मक सत्रों में लोक शक्ति के संगठन, समाज की स्वशासी भूमिका तथा व्यवस्था परिवर्तन के व्यावहारिक पक्षों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन बृजेश राय एवं ज्ञानेंद्र आर्य ने किया।

इस दौरान कन्हैया लाल अग्रवाल, मोहन गुप्ता, मेरठ से नरेंद्र रघुनाथ सिंह, सुल्तानपुर से संजय तिवारी, पटना से विपुल आदर्श, नालंदा से दीपक, झारखंड से संतोष माखरिया, ओडिशा से सुवेंदु महापात्र, कर्नाटक से एमएच पाटिल, महाराष्ट्र से डॉ. प्रकाश किरकिरे, हैदराबाद से के वीरा स्वामी, बक्सर से आचार्य धर्मेंद्र तथा संभल से बहादुर सिंह सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

### एक शाम रफी के नाम 31 को



**सूरजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक शाम रफी के नाम 31 जुलाई को स्थानीय साधु राम सेवाकुंज में आयोजित की गई है। कार्यक्रम के आयोजक फ्रेंड क्लब ने बताया है कि एक शाम रफी के नाम महान पाश्र्व गायक मोहम्मद रफ़ी के स्मृति में शुक्रवार शाम 8 बजे से आयोजित होगा,एक शाम रफी के नाम लगातार 13 वर्षों से स्थानीय साधु राम सेवाकुंज में आयोजित किया जा रहा है।

## कैट की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा, उपेंद्र गुप्ता बने के प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कैट सरगुजा की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक सोमवार को सरगुजा संभाग प्रभारी कन्हैया गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से सदस्यता अभियान को गति देने तथा अधिक से अधिक व्यापारियों को कैट से जोड़ने पर जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कन्हैया गुप्ता ने कहा कि एक सशक्त संगठन ही व्यापारियों के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से व्यापारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सदस्यता अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी 12 से 14 अगस्त 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव में सरगुजा से शामिल होने वाले व्यापारी प्रतिनिधिमंडल की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रतिनिधिमंडल के पंजीयन, आवागमन, आवास एवं समन्वय संबंधी सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अभिषेक सिंह रपिंटूर को सौंपी गई। बैठक में अन्य व्यापारियों से भी इस राष्ट्रीय आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बैठक में उपेन्द्र गुप्ता को कैट का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए कन्हैया गुप्ता ने उन्हे शुभकामनाएं दी तथा सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, जिला अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, रंजय स्वर्णकार, महेंद्र सिंह टुटेजा, मुकेश शर्मा, उपेंद्र गुप्ता, गुरुण्ध्वज गुप्ता, अमित अग्रवाल, आदर्श बंसल, अभिषेक जायसवाल एवं राजीव छाबड़ा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी व्यापारियों से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कैट से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाएं और व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं व्यापारिक विकास के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### डीजल मूल्य वृद्धि के कारण यात्री किराया संशोधित करने की मांग, बस मालिकों ने सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने डीजल के लगातार बढ़ते दामों और बस संचालन की बढ़ती लागत को देखते हुए यात्री बस किराए में संशोधन की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य शासन को ज्ञापन सौंपा हैं।

बस संचालक अंशुल श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2021 के बाद बस संचालन की लागत में लगातार वृद्धि हुई है। डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टायर, बीमा, फिटनेस, टैक्स तथा चालक-परिचालकों के वेतन सहित अन्य खर्चों में भारी बढ़ोतरी के कारण प्रदेश के अधिकांश बस संचालक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसके बावजूद मार्च 2025 में यात्री किराए में लगभग 25 प्रतिशत की कमी किए जाने से परिवहन व्यवसाय और अधिक प्रभावित हुआ है। महासंघ ने मांग की है कि वर्ष 2021 में निर्धारित किराया व्यवस्था के आधार पर सामान्य यात्री बसों के किराए में 75 प्रतिशत तथा डीलक्स बसों के किराए में 30 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए नई अधिसूचना जारी की जाए। साथ ही डीजल के मूल्य में होने वाली वृद्धि या कमी के अनुरूप यात्री किराए के स्वतः समायोजन की स्थायी व्यवस्था लागू की जाए। महासंघ ने चेतावनी दी है कि 31 जुलाई 2026 तक किराया संशोधन नहीं किया गया तो 3 अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर 14 अगस्त 2026 के पश्चात पूरे छत्तीसगढ़ में बस संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय लिया जा सकता है, जिसकी जिम्मेदारी राज्य शासन की होगी। महासंघ ने शासन से यात्रियों और बस संचालकों दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आह्वान किया इस दौरान बस संचालक राधा कृष्ण गुप्ता, मो.अख्तर,पप्पू छाबड़ा, मुकेश गुप्ता,जितेन्द्र सिंह,दिनेश गुप्ता, निक्की ख़ान, सतीश गुप्ता, दीपक गुप्ता, इमरना खान,मनीष गुप्ता, विवेक गुप्ता, अभय गुप्ता उपस्थित थे।



### क्षेत्रवासियों ने केक काटकर मनाया दीदी नीलम आनंद का 74वां अवतरण दिवस

**रामानुजगंज।** स्व.दीदी नीलम आनंद के 74वें अवतरण दिवस नगर के वार्ड क्रमांक 3 में उनके समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के स्नेहिल एवं प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। जन्मोत्सव के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया तथा सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति की सेवा करने का संकल्प लिया।



## समर्पित कार्यकर्ता है कांग्रेस की ताकत, मजबूत संगठन से बढ़ेगा जानत का विश्वास : टीएस

- पूर्व डिप्टी सीएम की मौजूदगी में हुई ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**अम्बिकापुर।** सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में अम्बिकापुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद उपस्थित रहे। बैठक में बढ़े हुए बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और बिजली कटौती को लेकर बड़े जनांदोलन की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक की शुरुआत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने हाल ही में मंडल एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों से वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन जितना मजबूत होगा, जनता का विश्वास उतना ही बढ़ेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ड, मतदान केंद्र से लेकर अनुभाग स्तर तक सक्रिय रहने, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने तथा कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती ही भविष्य की सफलता की आधारशिला है। प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। उन्होंने सभी मंडल एवं ब्लॉक पदाधिकारियों से नियमित बैठकें आयोजित करने और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आग्रह किया। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षो को अपने क्षेत्र में स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिल से परेशान लोगो से मिलकर उनसे बिजली बिल एकत्र कर जनसमस्या के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने का निर्देश दिया। नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस सड़क से सदन तक लगातार संघर्ष कर रही है। कार्यकर्ताओं को जनता की आवाज बनकर हर वार्ड और मोहल्ले में सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के बल पर कांग्रेस जनता के हितों की लड़ाई और अधिक प्रभावी ढंग से लड़ेगी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विनय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, जिला महामंत्री हेमंत तिवारी, अशफाक अली, आलोक सिंह, सेवादल अध्यक्ष लवकेश पासवान, जिला प्रवक्ता आशीष वर्मा, जीवन यादव, मंडल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह मग्गू, रजनीश सिंह, गुरप्रीत सिद्धू, निक्की खान, सोहन जायसवाल, शंकर प्रजापति, अमित सिन्हा, सौरभ फिलिप, बालकेश्वर तिर्की, दिनेश शर्मा, नरेंद्र सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कारगिल विजय दिवस सह प्रधानमंत्री के मन की बात सयुंक्त कार्यक्रम को भाजपा जिला झुग्गी- झोपड़ी प्रकोष्ठ सरगुजा के द्वारा आयोजित किया गया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरनिगम की महापौर मंजूषा भगत और अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री अरुणा सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता और एल्डरमैन पार्षद करता राम भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशांत सिंह 'शालू' प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकारणी सदस्य दीपक गर्ग श्याम गुप्ता पप्पू महिला मोर्चा की जिला के अध्यक्ष प्रियंका चौबे और मन की बात के सत्कार अतिथि के रूप में डॉ अनिल तिवारी और अन्य अतिथियों ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुये शहीदों को स्मरण किया। हमे अमर शहीदों के बलिदानों को हमेशा याद रखना होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी कुर्बानी को बताना होगा साथ ही प्रधानमंत्री मंत्री के संदेश को भी आत्मसात करना होगा। भाजपा जिला महामंत्री अरुणा सिंह ने कहा की प्रत्येक हिंदुस्तानियों को आज के दिन का गर्व है कि हमने आज ही के दिन कारगिल युद्ध जीता था और भारतवर्ष का तिरंगा कारगिल के चोटी पर फहराया था। भाजपा जिला संयोजक रविन्द्र गुप्त 'भारती' ने शहीदों को स्मरण करते हुए कहा कि देश के सीमा में जो हमारे सैनिक अपना घर परिवार छोड़ कर रात-दिन सुरक्षा दे रहे है जिन के वजह से पूरा देश सुरक्षित है उन्हें सब से पहले स्मरण करना होगा यही उन शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। वरिष्ठ भाजपा नेता और एल्डरमैन पार्षद करता राम गुप्ता एवं महामंत्री प्रियंका चौबे ने भी संबोधित करते हुए कहा की शहीदों के बलिदान को हमेशा स्मरण किया जाना चाहिए। सत्कार अतिथि डॉ अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता पर्यावरण एवं कुटीर उद्योग एवं गौ पालन से संबंधित बातों को रखा कार्यक्रम का संचालन प्रदेश भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य दीपक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनीता रविंद्र गुप्त भारती, रविकांत उरांव वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा यादव,निर्भय सिंह, राजकुमार सिंह, शिव गुप्ता नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती यादव, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, श्रीमती हेमा कसारी, चंद्र सेन तिवारी, प्रभु नारायण सिंह खैरवार जगदीश जायसवाल जय सिंह श्रीमती सावित्री राजवाड़े श्रीमती ललिता दास श्रीमती रीमा सोनकर संजय सोनकर कामेश्वर धीवर मूंछपाल प्रदीप गोस्वामी शंकर दिव्यांशु अग्रहरि आदि उपस्थित थे।



### डीएवी पब्लिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अभिभावक संतुष्ट

**ओड़गी।** ओड़गी मुख्यालय में शिक्षा को लेकर अभिभावक में हमेशा से चिंता बनी रहती है। अभिभावक जिला एवं संभाग की ओर रूम लेकर बच्चों को पढ़ने के लिए विवश होते रहते हैं तो वही ओड़गी मुख्यालय में भी डीएवी स्कूल के पढ़ाई को लेकर अभिभावकों में खुशी की लहर है। अभिभावक दानी पाण्डेय, अरुण सिंह, मनीष प्रताप सिंह, राजेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि विगत एक से दो साल में डीएवी स्कूल लगातार प्रोग्रेस कर रहा है।प्राचार्य द्वारा लगातार समय में आकर बच्चों को लगातार पढ़ाई को लेकर ट्रेंड किया जा रहा है जिससे बच्चे भी इंग्लिश के शब्दों में पढ़ाई करने में असहाय महसूस नहीं कर रहे हैं। संस्था द्वारा लगातार पढ़ाई से लेकर गंभीर है और जनरल नॉलेज की भी ज्ञान बच्चों को दिया जा रहा है। महीने के अंदर कार्यक्रम कराकर बच्चों को जनरल नॉलेज जैसे कानून की जानकारी पर्यावरण की जानकारी एवं अन्य संबंधित चीजों को लेकर भी जानकारी लगातार दी जाती है इसके पश्चात लगातार महीने दो महीने में अभिभावकों की मीटिंग लेकर बच्चों की जानकारी ली जाती है जिससे अभिभावक काफी खुशी है।



## खबर संक्षेप



### मां महामाया के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने शुरू की बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा

**अम्बिकापुर।** सावन माह शुरू होने से दो दिन पहले जिला मुख्यालय से बाबा बैजनाथ धाम देवघर के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने सरगुजा की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। बाबा 11 सेवा समिति के तत्वावधान में निकले इस जत्थे में करीब 20 से 25 श्रद्धालु शामिल हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले लगभग 25 वर्षों से लगातार सावन माह में बाबा बैजनाथ धाम जाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दर्शन करते आ रहे हैं। इस धार्मिक परंपरा को समिति आज भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभा रही है। यात्रा में समिति के जयशंकर साहू, गांधी पासवान, जसवंत सिंह, अविनाश तिवारी, आशीष, सतीश यादव सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। समिति के सदस्यों ने बताया कि बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर सभी श्रद्धालु विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे।

### गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर चलेगा समरसता संकल्प अभियान




**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान की जानकारी देने के लिए राजपुर स्थित स्थानीय रेस्ट हाउस में जिला स्तरीय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने अभियान के उद्देश्य और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 फरवरी तक राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि इसके अलावा कलश वंदन अभियान के तहत वाराणसी स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पवित्र मिट्टी से भरे कलश विभिन्न राज्यों, जिलों और गांवों तक पहुंचाए जाएंगे। यह कलश बुधवार को अंबिकापुर पहुंचेगा, जहां से संभाग और जिला स्तर पर वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रवीण अग्रवाल, जगवंशी यादव, धरम सिंह, दीपक मित्तल, संतोष तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### 15 अगस्त से लगेगा लाइफ...

संचालन के लिए रेलवे प्रशासन ने बिजली, पेयजल, बैटरी चार्जिंग, रैक सुरक्षा, साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन तथा अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी है। ये अधिकारी जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर शिविर के संचालन में सहयोग करेंगे।

## जाम लगने से राहगीर सहित क्षेत्र के लोग हलाकान

# बतौली-बगीचा मार्ग की अधूरी पाइप पुलिया निर्माण ने बढ़ाई क्षेत्रवासियों की परेशानी



पाइप लगाने के लिए सड़क में खोदे गए गड्ढे।



वाहनों की लगी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

राजकीय राजमार्ग बतौली से बगीचा जशपुर पहुंच मार्ग में अधूरे पाइप पुलिया निर्माण से नगरवासियों सहित राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि गड्ढे न सिर्फ लोगों के लिए खतरनाक बन गया है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क के कीचड़ में तब्दील हो जाने के बावजूद पी डब्ल्यू डी विभाग पाइप पुलिया के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले राहगीर एवं क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- पुलिया के लिए खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बना खतरनाक
- बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील सड़क, पैदल चलना हुआ दूभर

राजकीय राजमार्ग बतौली से बगीचा जशपुर पहुंचने हेतु लगभग 16 किलोमीटर के जर्जर सड़क के नव निर्माण हेतु शासन द्वारा 33 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है जहां गर्मी में ही संबंधित विभाग द्वारा बतौली से बिलासपुर धान खरीदी केंद्र तक की 4 किलोमीटर जर्जर सड़क को पहले निर्माण किया जा रहा है जहां पुरानी सड़क को उखाड़ जेएसबी किया गया है उसकी हालत बारिश के बाद और भी दयनीय हो गई है। मुख्य सड़क में पानी जमाव को दूर करने विभाग द्वारा पाइप पुलिया का निर्माण वर्तमान में किया जा रहा है जबकि दूसरा पाइप पुलिया का निर्माण बिलासपुर पुलिया के समीप लगभग 400 मीटर की दूरी में किया जा रहा है। दोनों जगह गड्ढा खोदकर पाइप डाल पुलिया का निर्माण कर पानी जमाव को खत्म करने पहल तो किया गया लेकिन लापरवाही से आज बतौली स्थित दुकान के समीप अधूरे पाइप पुलिया निर्माण के कारण लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह स्कूली वैन फंस जाने से जहां बच्चों को उतार पैदल ही कीचड़ के रास्ते से जाना पड़ा। इधर वैन के फंस जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। मार्ग में इस तरह आए दिन जाम लगने के कारण राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### तेज आंधी बारिश से सेदम घाट सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन प्रभावित

सोमवार की दोपहर बतौली क्षेत्र में आंधी बारिश से सेदम घाट सड़क पर विशाल महुआ का पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में बारिश व तेज आंधी से सेदम से मैनपाट जाने वाली एकांगी मार्ग में महुआ का पेड़ दोपहर 3 बजे गिर गया। वर्षो पुराने पेड़ के गिर जाने से गोविंदपुर, मूर्तादांड़,बागपानी जाने वाले लोग प्रभावित रहे वही स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को पैदल 4 किलोमीटर चल के जाना पड़ा जबकि दैनिक कार्यों से निकले लोगों को एकांगी मार्ग बंद होने से 20 किलोमीटर अतिरिक्त सफर कर घर जाना पड़ा। गनीमत था कि जिस समय पेड़ सड़क पर गिरा उस समय बारिश होने के कारण मार्ग से कोई था नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



### दुर्घटना की संभावना

पाइप पुलिया के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध है लेकिन पी डब्ल्यू डी विभाग की सुस्त रवैया से कारण एक पाइप पुलिया का निर्माण करने महीनों लग रहा है। इधर पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे अब राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकता है। निर्माणाधीन पाइप पुलिया के समीप सांकेतिक चिन्ह भी नहीं लगाया गया है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिया का निर्माण जल्द नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### कीचड़ से सराबोर सड़क, पुलिया मरम्मत की मांग

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की जर्जर हालत को दूर करने 33 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण तो करा रहा है लेकिन जेएसबी करने के बाद बतौली में हो रही लगातार बारिश से बतौली चौक से कॉलेज पहुंच मार्ग तक की सड़क कीचड़ से सराबोर है। ऐसे में कीचड़ में तब्दील सड़क से छात्राओं को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। लगातार बारिश से अधूरे पुलिया निर्माण के कारण आए दिन जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अधूरे पुलिया निर्माण को जल्द निर्माण कर स्थिति में सुधार करने की मांग की है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में सहूलियत हो सके।



## जर्जर सड़क एवं क्षतिग्रस्त पुल को लेकर युवाओं ने किया सांकेतिक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संजयनगर से बनारस मार्ग तक जर्जर पड़ी सड़क और ग्राम राजापुर–कैलाशपुर के बीच बेलसोता नाला पर क्षतिग्रस्त पुल की समस्या को लेकर सोमवार को क्षेत्र में जनआक्रोश खुलकर सामने आया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के नेतृत्व में संजयनगर महावीरपुर स्थित एनएच 43 पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

- सूरजपुर एसडीएम से 15 दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन मिलने पर स्थगित किया गया आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल्द सड़क और पुल की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में क्षेत्र की जनता परेशान है, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की। इसी नाराजगी के चलते लोगों को सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि ग्राम संजयनगर से बनारस मार्ग तक की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क के कारण रोजाना राहगीरों, स्कूली बच्चों, बाइक सवारों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसकी अनदेखी आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है। राजापुर और कैलाशपुर के बीच स्थित बेलसोता नाला पर बना पुल लगभग एक वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गया था। बारिश के मौसम में पुल से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है। ग्रामीणों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। पुल निर्माण की स्वीकृति और तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रपटा निर्माण की मांग भी कई बार प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। हाल ही में कलेक्टर सूरजपुर को भी आवेदन देकर सड़क की तत्काल मरम्मत और बेलसोता नाला पर पुल निर्माण अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई थी। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, लटोरी तहसीलदार तक्षशिला जायसवाल, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर प्रभारी थाना प्रभारी सोहन सिंह, लटोरी चौकी प्रभारी सुनील सिंह, पीएमजीएसवाई के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। इस दौरान सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने 15 दिनों के भीतर बेलसोता नाला पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शुरू हुए ग्राम पंचायत कंदरई बासेनपारा में सड़क मरम्मत कार्य व संजयनगर महावीरपुर में बनारस बाई पास मार्ग का मरम्मत कराने आश्वासन दिया है। प्रशासन के आश्वासन उपरांत आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, संजय डोसी, वेद प्रकाश मिश्र, बबीता गुप्ता, लिली राजवाड़े, कंवल बिहारी टेकाम, प्रेम , सुनील, संजीत, अभिषेक, विनय, तपन, राहुल सिंह, अभय लकड़ा, गोविंदा, विक्की वैष्णव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर बनाने दिव्यांग परिवार को ब्राह्मण समाज ने दी 30 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज ने सामाजिक सरोकार, सेवा भावना एवं मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बतौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुवार पारा निवासी दिव्यांग विप्र राजेश कुमार शुक्ला को समाज के सहयोग से 30 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता समाज के अध्यक्ष आई. बी. तिवारी एवं महिला समिति की संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल ने उनके निवास पर प्रदान की।

प्रतिनिधिमंडल ने राजेश कुमार शुक्ला एवं उनके परिवार की परिस्थितियों का अवलोकन किया तथा उनसे आत्मीय चर्चा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग शेड निर्माण एवं बिजली कनेक्शन के लिए करें, ताकि उनकी आटा चक्की एवं स्पेलर मशीन का संचालन शीघ्र प्रारंभ हो सके और वे स्वयं के रोजगार के माध्यम से सम्मानपूर्वक अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। समाज के वरिष्ठ सदस्य बतौली निवासी जीतेश्वर पाठक से पदाधिकारियों ने अपने मार्गदर्शन एवं देखरेख में दिव्यांग परिवार के स्वरोजगार को शीघ्र प्रारंभ कराने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया तथा कहा कि आर्थिक सहायता तभी सार्थक होती है, जब वह किसी परिवार को स्थायी रूप से आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम बने। समाज के अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज केवल सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद परिवारों के सुख-दुःख में सहभागी बनकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज के सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक संवेदना, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक है। महिला समिति की संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता और परस्पर सहयोग की भावना में निहित होती है। उन्होंने समाज के सदस्यों से इसी प्रकार जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान सचिव बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, देवकी त्रिपाठी, ज्योति द्विवेदी, स्मिता तिवारी, देवेश शुक्ला, अभिषेक शर्मा, विकास पांडेय, बृजेश ओझा, कृपासिंधु मिश्रा, प्रेम शंकर द्विवेदी, राजीव मिश्रा एवं रविंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

- ब्राह्मण समाज ने सेवा, संवेदना और सामाजिक एकता का दिया संदेश

### ई-टिकटों के अवैध कारोबारी गिरफ्तार

**रायगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाने के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल एवं फोटो कॉपी दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि वह बिना किसी वैध अधिकृत लाइसेंस के पिछले करीब तीन वर्षों से रेलवे ई-टिकट बनाकर प्रत्येक टिकट पर अतिरिक्त कमीशन वसूल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को प्रभारी आरपीएफ की टीम ने जूटमिल थाना पुलिस के सहयोग से कबीर चौक, उड़ीसा रोड स्थित महेंद्र मोबाइल फोटो कॉपी नामक दुकान पर दबिश दी। सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाए जा रहे हैं। जांच के दौरान दुकान संचालक प्रेमसागर साहू 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 34, कबीर चौक से पूछताछ की गई। उसकी सहमति से दुकान में रखे कंप्यूटर की जांच की गई। जांच में एक व्यक्तिगत यूजर आईडी से बनाए गए 15 रेलवे ई-टिकट मिले। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास रेलवे ई-टिकट बनाने का कोई वैध प्राधिकरण या लाइसेंस नहीं है।

## जमीन बिक्री का सौदा कर किसी अन्य को बेच दी भूमि, जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए की कथित ठगी का मामला सामने आया है। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेया की भूमि के सौदे में अग्रिम राशि लेने के बावजूद जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कर देने का आरोप लगाते हुए बलरामपुर निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जयनगर थाना में दर्ज शिकायत में प्रार्थिया 35 वर्षीय मीना राजवाड़े पति नारायण राम निवासी ग्राम पंचायत बलरामपुर बिश्रामपुर ने बताया कि एसईसीएल द्वारा उनकी जमीन अधिग्रहित किए जाने के बाद परिवार अपने पिता के लिए नया मकान बनाने हेतु दूसरी जमीन की तलाश कर रहा था। इसी दौरान उनके मामा हृदय राजवाड़े ने ग्राम कोरेया में सड़क किनारे स्थित 22 डिसमिल भूमि की जानकारी दी। बताया गया कि यह भूमि गंगोत्री पत्नी सोनसाय के नाम पर दर्ज है और मकान निर्माण के लिए उपयुक्त है। शिकायत के अनुसार 29 दिसंबर 2021 को मीना राजवाड़े उनके पिता राजनाथ, मामा हृदय राजवाड़े, पति नारायण राम तथा अन्य परिजन सोनसाय के घर पहुंचे। बातचीत के दौरान सोनसाय ने स्वयं को भूमि का प्रबंधनकर्ता बताते हुए 22 डिसमिल भूमि, खसरा नंबर 1299/2 की कीमत 16 लाख रुपए तय की। सौदा पक्का होने पर मीना राजवाड़े ने बयाना दिया। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से अपनी पत्नी के इलाज का हवाला देकर तत्काल पैसों की आवश्यकता बताई और रजिस्ट्री के समय राशि समायोजित करने का भरोसा दिया। शिकायत के मुताबिक 7 मार्च 2022 को 1 लाख रुपए, इसके अलावा 20-20 हजार रुपए की दो और किश्तें दी गईं। इस तरह कुल 1 लाख 41 हजार रुपए आरोपी को दिए गए। मामले में नया मोड़ तब आया जब खरीदार पक्ष भूमि की चौहद्दी और दस्तावेजों की जांच कराने पटवारी के पास पहुंचा। वहां जानकारी मिली कि संबंधित भूमि पर आरोपी के सास-ससुर की दो कब्रें बनी हुई हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सौदा करते समय इस तथ्य को जानबूझकर छिपाया गया था। इसके बाद उन्होंने जमीन खरीदने से इनकार कर दिया और अपनी अग्रिम राशि वापस मांगी। आरोप है कि 10 जुलाई 2023 को उसी भूमि की रजिस्ट्री अन्य खरीदारों के नाम कर दी गई, फिर भी मीना राजवाड़े को उनके 1.41 लाख रुपए वापस नहीं किए गए। महिला का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से वह लगातार अपनी राशि वापस मांग रही थीं, लेकिन आरोपी हर बार आज-कल का बहाना बनाकर टालता रहा। अंततः न्याय नहीं मिलने पर उन्होंने जयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पर आरोपी सोनसाय के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।




## संत रविदास के सामाजिक समरसता का संदेश घर-घर पहुंचाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं समरसता संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक अखिलेश सोनी ने संकल्प भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो एक वैचारिक आंदोलन भी है। यह वैचारिक आंदोलन हमें प्रेरित करता है कि समाज को जोड़ने का काम कैसे करें।

एक तरफ ऐसी शक्तियां है जो भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही है समाज में जाति, भेदभाव के नाम से राजनीति करती है लेकिन भाजपा की प्रतिबद्धता है समाज में एकता सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और समावेशिता। इसी प्रतिबद्धता के निमित्त भाजपा देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। संत रविदास की जयंती से पूरे देश में यात्रा होगी, संपर्क होगा और गुरू रविदास के जीवन से जुड़े दर्शन उनके विचारों को लेकर हम पूरे देश में जाने वाले है। उन्होंने कहा कि सरल बातों में महत्वपूर्ण बातें कैसे कही जाती है यह हमें गुरू रविदास बताते हैं। मीरा बाई उनकी शिष्या रही, रामानंद के वे शिष्य रहे, कबीर, रविदास, गुरू नानक हमारे इतिहास के प्रहरी है। आज हमें उनसे सीखने की आवश्यकता है। हमारा परिवार है, हमारा दर्शन, हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, हमारा सिविलाइजेशन है और उस सिविलाइजेशन कॉन्शनेस के माध्यम से भाजपा ने बड़ा ही पावन पवित्र काम हाथ में लिया है। इस अभियान के तहत पूरे देश में कलश यात्रा निकलेगी, छात्रावास में हम संपर्क करेंगे। संत रविदास हमारे लिए प्रेरणापुंज है। सामाजिक एकता का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को तीर्थ का दर्जा दिया। आज पूरे देश में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती है, ऐसे में एक सक्रिय नागरिक होने के नाते सामाजिक समरसता हम सबका दायित्व है। श्री सोनी ने कहा कि अगले वर्ष की माघ पूर्णिमा तक संत गुरू रविदास के जन्म जयंती तक हमारा यह अभियान सक्रियता से चलेगा और पूरी पार्टी समाज के हर वर्ग में जाकर सुनिश्चित करने का काम करेगी कि कैसे हम आज भी संत गुरू रविदास के संदेश से प्रेरणा लें और समाज में एकता और समानता का संदेश दें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता एवं कार्यक्रम प्रभारी संतोष दास, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, गुरू पूर्णिमा जिला प्रभारी विद्यानंद मिश्रा, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे एवं जन्मेजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।




